**विधान परिषद के तृतीय सत्र 2024 के प्रथम गुरूवार के लिए निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-10 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 10 (क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि प्रदेश में 36 ए०एन०एम० सेन्टर हैं जिसमें से मात्र एक ही जनपद-गोरखपुर को ही छात्रवृत्ति प्रदान की गयी है और शेष 35 ए०एन०एम० सेन्टर को नहीं प्रदान की गयी है जिससे उक्त सेन्टर के छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है व छात्रों में भारी रोष व्याप्त है ? | जी नहीं। जनपद-गोरखपुर में स्थापित ए०एन०एम०टी०सी० सेंटर को छात्रवृत्ति हेतु कोई धनराशि आवंटित नहीं की गयी है। इस मद में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-2025 में रू० 23,56,000/- का प्राविधान किया गया है। उक्त प्राविधानित धनराशि में से जनपद-अलीगढ़, आजमगढ़, अयोध्या, बांदा एवं बलिया को कुल रू० 22,26,000/- धनराशि आवंटित की जा चुकी है। |
| (ख) यदि हॉ, तो शेष 35 ए०एन०एम० सेन्टर को छात्रवृत्ति प्रदान न किये जाने के क्या कारण है और कब तक शेष 35 ए०एन०एम० सेन्टर को छात्रवृत्ति प्रदान करायेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**(ब्रजेश पाठक)**
उप मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश।